राजस्थान सरकार

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी चौहटन, जिला बाडमेर**

क्रमांक/रीडर/2017/1283 दिनांक 19/6/17

प्रेषित :–

तहसीलदार चौहटन

विषय :– राजस्व आवेदन सं. 178/2017 अन्तर्गत धारा 131,136 भू.रा.अ. अनवान जगमाल बनाम खेराजराम वगैरा में निर्णय की पालना बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि उपरोक्त आवेदन में न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 16.06.17 की प्रमाणित प्रति अनुसार तरमीम दुरस्त कर राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद कर 15 दिवस में पालना रिपोर्ट पेश करे।

उपखण्ड अधिकारी
चौहटन

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी चौहटन जिला बाड़मेर

राजस्व आवेदन सं. 178/2017

पीठासीन अधिकारी –श्री भागीरथराम, आर.ए.एस

अन्तर्गत धारा 131,136 RLR Act

प्रार्थी – 1. जगमालराम पुत्र रूपाराम जाति जाट निवासी जूना लखवारा, तहसील सेड़वा।

बनाम

विप्रार्थीगण – 1. खेराजराम 2.धन्नाराम पि.रामाराम 3.नथाराम पुत्र वीरमाराम 4.पारूदेवी पत्नि वीरमाराम 5.सिद्धाराम पुत्र जोराराम 6.बाबूराम 7.हिमथाराम 8.चिमनाराम पि.तुलछाराम 9.खेतुदेवी पत्नि तुलछाराम 10.भैराराम 11.जोगाराम पि. पीराराम 12.ठाकराराम 13.चूनाराम 14.धर्माराम पि. हुकमाराम 15.हेमी पत्नि हुकमाराम 16.तेजाराम 17.कुंभाराम 18.मगाराम पि.देवाराम 19.पपूराम 20.घमण्डाराम 21.राऊराम 22.हरखू पत्नि हनुमानराम 23.जगदीशप्रसाद पुत्र सालूराम 24.लाछी पत्नि सालूराम 25.चूनाराम 26.पूनमाराम पि. पेमाराम 27.गवरीदेवी पत्नि पेमाराम 28.ईशराराम पुत्र प्रहलादराम 29.जेठाराम 30.चुतराराम पि. मालाराम जाति जाट, निवासी जूना लखवारा, तहसील चौहटन। 31.तहसीलदार सेड़वा।

अधिवक्तागण – प्रार्थी वकील – श्री नरेश भादू

विप्रार्थीगण वकील –

## निर्णय

दिनांक :– 19/6/17

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन का सार संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थी के खातेदारी एवं कब्जा काश्त का खेत खसरा सं. 370 / 323 रकबा 36.00 बीघा मौजा जूना लखवारा , पटवार क्षेत्र आंटिया, तहसील चौहटन में आया हुआ है। प्रार्थी के सेढ़ा सेढ़ ही विप्रार्थी सं. 1 से 30 का खसरा सं. 369 / 323 रकबा 264.05 बीघा आया हुआ है। प्रार्थी एवं विप्रार्थीगण के खेत मूल खसरा सं. 323 का ही भाग है। विभाजन होने से बट्टा नम्बर अंकित किये गये। प्रार्थी एवं विप्रार्थी सं. 1 से 30 के खेतों के बीच तरमीम भी हुई है परन्तु लट्ठा ट्रेस में की गई तरमीम व मौके पर मौजूद कब्जा काश्त में भारी अन्तर है। प्रार्थी व विप्रार्थीगण के खेत मौके पर कब्जा काश्त सलंग्न परिशिष्ट "अ" में दर्शाये बरंग लाल के अनुसार प्रार्थी का व बरंग हरा के अनुसार विप्रार्थी सं. 1 से 30 का कब्जा काश्त है। इसी अनुसार राजस्व कर्मचारियों को तरमीम करनी थी परन्तु राजस्व कर्मचारियों ने मौके

उपखण्ड अधिक... चौहटन

पर न जाकर जांच किये बिना गलत तरमीम कर दी जिसे प्रार्थी सलंग्न परिशिष्ट "अ" के अनुसार दुरस्त करवाना चाहता है। इस हेतु आवेदन प्रस्तुत कर इस्तदुआ चाही गई है।

प्रार्थी का आवेदन दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। पत्रावली राजस्व लोक अदालत कोर्ट कैम्प कापराऊ में दिनांक 16.06.2017 को पेश हुई। प्राथी वकील मय प्रार्थी उपस्थित हुए। विप्रार्थीगण की ओर से अधिवक्ता श्री पवन धारीवाल ने वकालतनामा मय जवाब पेश किया जो पत्रावली शामिल किया गया। तहसीलदार चौहटन से मौका रिपोर्ट प्राप्त हुई जो पत्रावली शामिल की गई। मौका रिपोर्ट उभयपक्षकारान को स्वीकार है। जिससे स्पष्ट होता है कि कि प्रार्थी का आवेदन वास्ते तरमीम दुरस्ती स्वीकार करने योग्य है।

अतः न्यायहित में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 भू.रा.अ. वास्ते तरमीम दुरस्ती स्वीकार किया जाकर मौजा जूना लखवारा, तहसील चौहटन के खसरा सं. 370/323 एवं 369/323 आये हुए है। उक्त भूमि की तरमीम तहसीलदार चौहटन द्वारा प्रस्तावित मौका रिपोर्ट मय फर्द तथा प्रस्तावित नक्शा परिशिष्ट 'ब' अनुसार दुरस्त करने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार चौहटन द्वारा प्रस्तावित मौका रिपोर्ट मय फर्द तथा प्रस्तावित नक्शा निर्णय का अनिवार्य अंग रहेंगे।

पत्रावली निर्णय शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 16.06.2017 को राजस्व लोक अदालत कोर्ट कैम्प कापराऊ में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
चौहटन

सेवामें,

श्रीमान तहसीलदार साहब
चौहटन

विषय:- राजस्व वाद सं. 170/17 अनवान जगमालराम V/s खेराजराम वगैरह में मौका रिपोर्ट भिजवाने

प्रसंग:- श्रीमान जी का आदेश क्रमांक भू.अ./2017/24 दि 12-6-17

महोदय जी

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि अनवान प्रकरण में प्रार्थी के खेत मौजा गूना लखवारा के ख.नं 370/323 रकबा 36-00 बीघा का मौका मुआयना रूबरू प्रार्थी व विप्रार्थीगण के किया गया। प्रार्थी का वर्तमान तरमीम अनुसार खेत ख.नं. 370/323 संलग्न नक्शे में दर्शाये बिन्दु ABCD के बीच का भूखण्ड बरंग [लाल] अनुसार है जबकि प्रार्थी का मौके पर कब्जा-काश्त नक्शे में दर्शाये बिन्दु EFGH के मध्य का भू.खण्ड बरंग [हरा] पर है। प्रार्थी का अपने कब्जा-काश्त की भूमि में ढाणी, टांकली व बाड़ा आदि बने हुए है जबकि ख.नं. 370/323 की वर्तमान तरमीम स्थल ABCD पर विप्रार्थीगण का कब्जा-काश्त, ढाणियां टांके आदि बने हुए है।

अत: प्रार्थी के खेत ख.नं. 370/323 रकबा 36-00 बीघा की वर्तमान तरमीम बिन्दु ABCD बरंग [लाल] के स्थान पर बिन्दु EFGH बरंग [हरा] अनुसार किया जाना उचित है।

Ex court

प. अंगीठिया

13/6/2017
ILR चौहटन

C.S.

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) चौहटन

क्रमांक/भू.अ./17/701 दिनांक 16/6/17

मूल ही मौका रिपोर्ट श्रीमान उप-खण्ड अधिकारी चौहटन को सेवार्थ प्रेषित है।

16.6.17

तहसीलदार (भू.अ.) चौहटन

मौका फर्द    राजस्व आवेदन सं. 178/17
जगमालराम V/s खेराजराम व

आज दि. 12-6-2017 को श्रीमान तहसीलदार साहब चौहटन के आदेश क्रमांक/भू-अ/2017/24 दि 12-6-2017 की पालना में न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी चौहटन के राजस्व वाद सं 178/17 अनवान जगमालराम V/s खेराजराम वगैरह में मौजा जूना लखवारा के खेत ख.नं. 370/323 की मौका रिपोर्ट हेतु मौके पर पहुँचा।

मौके पर प्रार्थी, विप्रार्थीगण व मौतबरान की उप. स्थिति में प्रार्थी के खेत ख.नं जूना लखवारा के ख.नं 370/323 रकबा 36-00 बीघा की वर्तमान लट्ठा ट्रेस में तरमीम व प्रार्थी के मौके पर कब्जा-काश्त का अवलोकन किया गया। लट्ठा ट्रेस में ख.नं. 370/323 की तरमीम संलग्न नक्शे में दर्शाये बिन्दु ABCD से घिरे भू-भाग बरंग [red] अनुसार है जबकि प्रार्थी का मौके पर कब्जा काश्त बिन्दु EFGH से घिरे भूखण्ड बरंग [green] अनुसार है। प्रार्थी का अपने कब्जा काश्त के भूखण्ड EFGH में ढाणी, टांके, बाड़ा आदि बनाये हुए हैं जबकि ख.नं. 370/323 की तरमीम स्थित भूखण्ड ABCD में विप्रार्थीगण की ढाणियां, टांके बाड़े आदि बने हुए हैं।

मौका फर्द मौके पर तैयार कर पढ़कर सुनाई व हस्ताक्षर/अ.नि. कराये गये।

प. ओगटिया

12/6/2017
ILR चौहटन

खेराजराम s/o रामाराम

मेराराम s/o पीराराम

जोगाराम s/o पीराराम

अ.नि. जगमालराम s/o रूपाराम

चुनाराम


बाबूलाल s/o लखमाराम

चिमाराम s/o ...ाराम

C.S.
12-6-17

तहसीलदार (भू. अ.) चौहटन

नक्शा किश्तवार मौजा - जूना लख
तह - चौहटन
पैमाना - 1" = 40 गट्ठे




राजस्व आवेदन नं 178/17
जगमालराम V/s खेराजराम वगैरा

(1) प्रार्थी का वर्तमान लट्ठा ट्रेस में तरमीम अनुसार खेत नं 370/323 - ABCD - वरंग

(2) प्रार्थी का वर्तमान मौके पर कब्जा - EFGH वरंग - काश्त अनुसार खेत -

12/6/2017
ILR - चौहटन

खेराजराम भेराराम जोगाराम बाबूलाल

चिमाराम डूंगरराम चूनाराम

शिवाराम

EX COURT - प. आरोपि

C.S.
16.6.17
तहसीलदार (भू.अ.) चौहटन

उपखण्ड अधिकारी
चौहटन